Removal of fish plates on. Amritsar-Batala-Patankot line

132. PROF. C. LAKSHMANNA: Will the Minister of TRANSPORT be pleased to state:

(a) whether it is a fact thai flsb plates on the rail track between Batala und Jayanti-' pur stations were found removed on the 24th March, 1986 about an hour before the Amritsar-Batala-Pathankot passenger was to pass by; and

(b) what steps have been taken to prevent such incidents in future and to ensure safety of rail travel in Punjab?

.Lt MINISTER OF TRANSPORT (SHRI BANSI LAL): (a) Yes, Sir.

(b) The following steps have been taken :-

(1) Security petrolling by railway gangmen has been intensified.

(2) Petrolling of track by the Home Guards has been arranged through the Civil Administration.

(3) Preventive measures like burring of fish bolts etc. and Co ordination meating.s from time to time with the State authorities for ensuring proper protection to railway passengen and property.

दिल्ली में अनुदान प्राप्त विद्यालयों में अध्यापकों के रिक्त पद

133. **श्री शंकर सिंह वाघेला:**
श्री कैलाश पति मिश्र :

क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली के अनुदान प्राप्त विद्यालयों में अनेक अध्यापकों एवं अन्य कर्मचारियों के पद रिक्त पड़े हैं ;

(ख) यदि हां, तो रिक्त पदों की संख्या कितनी है ;

(ग) क्या यह सच है कि अनुदान प्राप्त विद्यालयों में सिलेक्शन ग्रेड मिलने के मामले भी रुके पड़े हैं ; यदि हां, तो ऐसे विद्यालयों के नाम क्या हैं तथा उसके क्या कारण हैं ; और

(घ) विद्यालय की प्रबंध समितियां नये पद के सृजन के संबंध में आवेदनों पर विचार करने में कितना समय लगाती हैं ?

शिक्षा और संस्कृति विभागों में राज्य मंत्री (श्रीमती सुशीला रोहतगी) : (क) जी हां ।

(ख) दिल्ली में सहायता प्राप्त स्कूलों में इस समय 320 शैक्षिक तथा 95 गैर-शैक्षिक पद रिक्त पड़े हुए हैं ।

(ग) दिल्ली के सहायता प्राप्त 54 स्कूलों (विवरण संलग्न अनुबन्ध के रूप में) (आगे देखिये) में प्रवरण ग्रेड देने के मामले वरीयता सूची आदि को अन्तिम रूप न देने के कारण लम्बित पड़े हैं ।

(घ) सहायता प्राप्त स्कूलों में पदों के सृजन के मामले में सक्षम अधिकारी प्रबन्धक नहीं बल्कि शिक्षा निदेशक हैं । संबंधित प्रबन्धकों से प्रस्ताव प्राप्त होने के बाद इस प्रक्रिया में एक से दो महीने का समय लग जाता है ।

विवरण

उन स्कूलों की सूची जहां का सिलेक्शन ग्रेड नहीं दिया गया है ।

क्रम सं.	स्कूल का नाम
1.	श्री बैजनाथ स्कूल
2.	कस्तूरबा बालिका विद्यालय
3.	एस. एस. खालसा स्कूल
4.	एस. आर. एस. डी. सीनियर सेकण्डरी स्कूल
5.	चन्द्र आर्य विद्या मन्दिर, ईस्ट आफ कैलाश
6.	एम. बी. डी. ए. बी. सीनियर सेकण्डरी स्कूल, यूसुफ सराय
7.	डी. टी. ई. ए. सीनियर सेकण्डरी स्कूल, लक्ष्मीबाई नगर
8.	जैन बालिका विद्यालय
9.	एयर फोर्स सीनियर सेकण्डरी स्कूल, दिल्ली कैन्ट